विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.)

NACC द्वारा 'A' ग्रेड प्रदत्त

आवश्यक सूचना

कैरियर काउंसलिंग एवं प्रवेश उत्सव

24 से 26 अगस्त 2021

विविध क्षेत्रों से संबंधित कैरियर और 180 से अधिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए मार्गदर्शन प्राप्त होगा |

दिनांक 24 से 26 अगस्त 2021 तक कैरियर काउंसलिंग एवं प्रवेश उत्सव का आयोजन विक्रम विश्वविद्यालय परिसर स्थित वाग्देवी भवन में प्रतिदिन प्रातः काल 11 : 00 से संध्या 4 : 30 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

आयोजन में विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ और करियर परामर्शदाता विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन, रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों को लेकर मार्गदर्शन देंगे। हायर सेकंडरी स्कूलों और महाविद्यालयों में विभिन्न संकायों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के साथ ही अध्ययन छोड़ चुके और करियर चयन में जुटे युवा इस शिविर का लाभ ले सकते हैं।

इस उत्सव के दौरान विश्वविद्यालय की अध्ययनशालाओं एवं संस्थानों में संचालित 180 से अधिक स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के महत्त्व और विभिन्न क्षेत्रों में उनके करियर अवसरों की जानकारी युवाओं को दी जाएगी।

सभी छात्र एवं छात्राएं इस अवसर पर कैरियर काउंसलिंग एवं प्रवेश उत्सव में सब्जेक्ट एक्सपर्ट से अपने कैरियर से सम्बन्धित सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं , जिससे कैरियर को बेहतर बनाया जा सके |



अधिक जानकारी के लिए विजिट करें

https://vikramuniv.ac.in/